आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 10.07.2024

मुख्य समाचारः–

1– केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में बिजली और आवास से संबंधित सभी आवश्यकताएं पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से सहयोग किया जाएगा।
2– रायपुर में आज हुई भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक।
3– प्रदेश में अलग–अलग भर्तियों में स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी–राज्य मंत्रिमंडल ने लिया निर्णय।
4– सोलहवें केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में बारह सदस्यीय दल आज शाम रायपुर पहुंच रहा है।

केंद्रीय मंत्री–बैठक

केन्द्रीय विद्युत तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने आज अपने रायपुर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ में ऊर्जा तथा शहरों में आवास और जनसुविधाएं विकसित करने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बिजली और आवास से संबंधित सभी आवश्यकताएं पूरा करने के लिए भारत सरकार की ओर से सहयोग किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि लोगों को सस्ती और पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने केन्द्र सरकार द्वारा अनेक अनुदान योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी कई योजनाएं हैं। उन्होंने राज्य सरकार को केन्द्र द्वारा दी जा रही सभी निधियों और अनुदानों का पूरा उपयोग करने को कहा।

बैठक में केन्द्रीय मंत्री ने सुझाव दिया कि क्लीन सिटी के तहत रायपुर को मिली सौ बसों का उपयोग नया रायपुर और रायपुर के बीच चलाने के लिए भी किया जा सकता है।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केन्द्र सरकार की योजनाओं के छत्तीसगढ़ में हो रहे क्रियान्वयन की जानकारी केंद्रीय मंत्री को दी। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरूण साव, केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू और मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी उपस्थित थे।

मंत्रिमंडल–निर्णय

राज्य में अलग–अलग भर्तियों में स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। यह फैसला मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इसके तहत सशस्त्र सहायक प्लाटून कमाण्डर, मेल नर्स, फिमेल नर्स, प्रधान आरक्षक, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, कम्पाउंडर, ड्रेसर, नर्सिंग सहायक और आरक्षक पदों पर भर्ती के लिए स्थानीय निवासियों को आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

मंत्रिमंडल ने नई शिक्षा नीति को भी लागू कर दिया है। इस नीति के तहत कक्षा पांचवीं तक के बच्चों को स्थानीय भाषा और बोली में शिक्षा दिए जाने का प्रावधान किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ी सहित गोंडी, भतरी, हल्बी, सरगुजिहा जैसी भाषाएं शामिल की जाएंगी।

बैठक में प्रदेश के करीब अड़तालीस हजार आवासहीन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास स्वीकृत करने का फैसला लिया गया। वहीं, नवा रायपुर में आवासहीन, आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न वर्ग के परिवारों को आवास मुहैया कराने के लिए पंजीयन की तिथि में तीन वर्ष की वृद्धि की गई है।

बैठक में वन अधिकार पत्रधारकों की मृत्यु होने पर परिजनों के नाम पर काबिज वन भूमि का हस्तांतरण राजस्व या वन अभिलेखों में दर्ज करने संबंधित कार्यवाही के लिए प्रक्रिया प्रारूप का अनुमोदन किया गया। वहीं, राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन,

सुशासन और जनसमस्याओं के समाधान के लिए ''सुशासन तथा अभिसरण विभाग'' का गठन किया गया है। अब सरकारी खरीदी जैम पोर्टल से की जाएगी।

केन्द्रीय वित्त आयोग–छत्तीसगढ़

सोलहवें केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में बारह सदस्यीय दल आज शाम रायपुर पहुंच रहा है। यह दल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्रिमंडल के सदस्यों तथा अधिकारियों के साथ, राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं, अधोसंरचना विकास और आर्थिक प्रगति सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श करेगा। इसके बाद यह दल बारह और तेरह जुलाई को जगदलपुर का दौरा भी करेगा।

एक पेड़ मां के नाम

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज राजभवन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। उन्होंने अपनी माता स्वर्गीय पद्मावती देवी की याद में आम का पौधा लगाया। इस मौके पर राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि पौधारोपण करना सभी के लिए जरूरी है। पूरे विश्व को पर्यावरण प्रदूषण से बचाने के लिए सभी को प्रयास करने चाहिए।

वहीं, नई दिल्ली में आज छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। इसमें छत्तीसगढ़ सूचना केन्द्र के कर्मचारी शामिल हुए।

इस बीच, राज्य शासन के जनसंपर्क संचालनालय द्वारा इस अभियान के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए सोशल मीडिया पर 'एक पेड़ मां के नाम' का प्रोफाइल पिक्चर फ्रेम अभियान शुरू किया गया है। इस प्रोफाइल पिक्चर में लोग अपने घर, आंगन और खेत में अपनी मां के साथ या मां की स्मृति में पौधा लगाते हुए अपनी तस्वीर लगा सकते हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूरे देश में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत की है।

संपूर्णता अभियान

नीति आयोग द्वारा अपेक्षाकृत पिछड़े और दूरदराज क्षेत्रों के विकास में तेजी लाने के लिए देशभर में आकांक्षी जिलों और विकासखंडों में संपूर्णता अभियान शुरू किया गया है। इसी कड़ी में कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड के बागबेड़ा, मगेदा, पीढ़ापाल, बालोंड और उरीदगांव में जन–जागरूकता के लिए स्कूली बच्चों ने रैली निकाली। माकड़ी विकासखंड में कल से सभी सड़सठ ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों के शिविर आयोजित किए जाएंगे।

सीबीएसई–स्पष्टीकरण

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि मौजूदा पाठ्य–पुस्तकों में बदलाव केवल कक्षा तीसरी और छठवीं के लिए किया गया है, अन्य कक्षाओं के लिए नहीं। स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे कक्षा तीसरी और छठवीं को छोड़कर अन्य कक्षाओं के लिए उसी पाठ्य–पुस्तकों का उपयोग जारी रखें, जैसा कि उन्होंने पिछले शैक्षणिक वर्ष में किया था।

भाजपा–कार्यसमिति बैठक

रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आज भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर सहित राष्ट्रीय सह–संगठन मंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू,

उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री रामविचार नेताम सहित वरिष्ठ भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री खट्टर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं की बदौलत अच्छी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में माओवादी घटनाओं पर पहले की तुलना में काफी हद तक कमी आई है।

भाजपा कार्यसमिति के समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। राज्य सरकार भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति लेकर चल रही है। पूववर्ती सरकार में जो भी घोटाले हुए हैं, उस पर कार्रवाई जारी है। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एक पौधा लगाने का आह्वान किया।

बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान के संबंध में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं, श्री नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें बधाई दी गई। इसके अलावा राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसमें कहा गया है कि आगामी निकाय और पंचायत चुनाव में पार्टी के कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर भाजपा की रीति–नीति और मोदी की गारंटी के अलावा केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाए।

कांग्रेस–बैठक

रायपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आज दो महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पहली बैठक वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की हुई, जिसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। वहीं, दूसरी बैठक रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के नेताओं की हुई, जिसमें उपचुनाव को लेकर चर्चा की गई।

इससे पहले, कल रायपुर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इस बैठक में विधानसभा सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही बलौदाबाजार घटना को लेकर चौबीस जुलाई को विधानसभा का घेराव करने का फैसला किया गया। बैठक में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सांसद ज्योत्सना महंत और फूलोदेवी नेताम के साथ ही पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

नड्डा–डेंगू समीक्षा बैठक

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने देश में डेंगू का प्रसार रोकने की तैयारियों का आंकलन करने के लिए आज नई दिल्ली में समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि मंत्रालय चौबीसों घंटे डेंगू हेल्पलाइन शुरू करेगा। उन्होंने राज्यों से भी अगले चार–पांच दिन में डेंगू हेल्पलाइन शुरू करने को कहा है।

आरक्षक–ईओडब्ल्यू कार्रवाई

महादेव सट्टा ऐप मामले में लंबे समय से फरार आरक्षक सहदेव यादव को आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने राजनांदगांव के सोमनी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। ईओडब्ल्यू की टीम ने सहदेव यादव को रायपुर लाया है।

वहीं, इसी मामले में ईओडब्ल्यू ने निलंबित पुलिस अधिकारी चंद्रभूषण वर्मा के मैनेजर किशन वर्मा को भी गिरफ्तार किया है। आज आरोपी को विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे उन्नीस जुलाई तक न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

संक्षिप्त समाचार

– संचार मंत्रालय के अंतर्गत डाक विभाग अगले सौ दिनों में पांच हजार डाक चौपालों का आयोजन करेगा।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में हर गुरुवार को होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम कल ग्यारह जुलाई को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

– कथित कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू की जमानत याचिका आज खारिज कर दी गई। रायपुर की विशेष अदालत ने आज इस पर अपना फैसला सुनाया।

– राज्य शासन के जनसंपर्क संचालनालय द्वारा न्यूज वेबसाईट/न्यूज पोर्टल्स के इम्पैनलमेंट के लिए ऑनलाईन आवेदन की तिथि ग्यारह जुलाई से बढ़ाकर अट्ठाईस जुलाई कर दी गई है।

– आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कोंडागांव जिले में कल ग्यारह जुलाई को महाअभियान चलाया जाएगा। इसके तहत गांव–गांव में विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

– दुर्ग में जिला रोजगार और स्व–रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा बारह जुलाई को सुबह साढ़े दस बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>